तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

3 महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं, मांगों लेकर अभाविप ने किया कॉलेज का घेराव



## खबर संक्षेप

### शिक्षकों के प्रशिक्षण पर लगी रोक



**मनेन्द्रगढ़।** कुछ दिनों पूर्व मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में स्टेप फॉर इंडिया नामक बेंगलुरु के एनजीओ द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण दिए जाने का मामला सामने आया था। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने इस पर गंभीर आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया था। उन्होंने एससीईआरटी के डायरेक्टर रघुवंशी जी और एनजीओ प्रभारी वर्मा जी से तत्काल जांच की मांग की थी। पूर्व विधायक ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि प्रदेश में जब एनजीओ के अनुबंध रद्द हो चुके हैं, तब किसकी शह पर नियमों का उल्लंघन कर प्रशिक्षण कराया जा रहा है, इसका जवाब जिला प्रशासन को देना होगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने संज्ञान लिया। इसके बाद समग्र शिक्षा विभाग, रायपुर ने आदेश जारी कर पूरे प्रदेश में शिक्षकों के प्रशिक्षण पर रोक लगा दी है। आदेश में कहा गया है कि बिना अनुमति शिक्षकों के प्रशिक्षण आयोजित नहीं किया जाएंगे, अन्यथा जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 13 को

**बैकुण्ठपुर।** सामुदायिक भवन कटकोना कॉलरी में सामाजिक सेवा और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए केशरीनंदन परिवार ने एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन 13 सितंबर को प्रातः 10 बजे से किया गया है। यह शिविर स्थानीय नागरिकों की नेत्र स्वास्थ्य जांच के लिए समर्पित रहा। इसमें गणेश विनायक आई हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने आधुनिक उपकरणों की सहायता से मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी। शिविर में मोतियाबिंद, दृष्टि दोष और अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं की जांच की जाएगी। जरूरतमंदों को ऑपरेशन के लिए प्राथमिक पंजीकरण की सुविधा, नेत्रदान जागरूकता पर विशेष सत्र। केशरीनंदन परिवार के संयोजक व एचएमएस महामंत्री योगेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह शिविर सेवा ही धर्म है की भावना से प्रेरित होकर आयोजित किया गया।

### युवाओं को मिलेगा होटल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** बस्तर और सरगुजा अंचल के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए होटल मैनेजमेंट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने इन अंचलों के युवाओं के प्रशिक्षण में होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति बस्तर तथा सरगुजा विकास प्राधिकरण के माध्यम से किए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह की तैयारियों की समीक्षा कर पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### झुण्ड में करते हैं हमला, डॉग बाइट के कई मामले आ चुके हैं अस्पताल

# शहर में आवारा कुत्तों से दहशत में राहगीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर में आवारा श्वानों की तादात सभी क्षेत्रों में देखने को मिलती है, जिन पर किसी तरह का कोई नियंत्रण नहीं है और नहीं आवारा श्वान को रैबिज का टीका लगा हुआ है, ऐसे में आवारा श्वान आम लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं।

मंगलवार की सुबह स्कूलपारा मुख्य मार्ग किनारे कचरा बीनने वाले एक युवक पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर पैर को काट लिया था, जिसे अन्य लोगों के द्वारा बीच-बचाव करने पर कुत्ता भाग गया, लेकिन इस घटना में कचरा बीनने वाला का पैर जख्मी हो गया। शहर में आवारा कुत्तों का आतंक सभी क्षेत्रों में फैला है, ऐसे में लोग सड़क व अपने घर के बाहर आवारा कुत्तों से सुरक्षित नहीं है। कब किसको आवारा कुत्ता अपना शिकार बना डाले यह कोई नहीं जानता। शहर के हर क्षेत्र में कुत्तों की टोली वर्तमान में दिखाई देती रहती, इसके कारण घर के बाहर लोगों को अपने काम से कही जा रहे तो कब किस पर आवारा कुत्ते हमला कर दे कोई नहीं जानता।

घर के बाहर कही भी आवाजाही करते वक्त कुत्तों से हमेशा ही सावधान रहने की जरूरत हैं। कई बार को कुछ क्षेत्रों में आवारा कुत्ते वाहन चालकों को सड़क से गुजरने के दौरान दौड़ाते भी हैं, इस तरह की घटना आम हो गई है। ऐसे में कुत्तों से स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए सजग रहना होगा।

⏭ शेष पेज 4 पर




सड़क पर आवारा श्वान की टोली।

### डर के साए में मॉर्निंग वॉक

सुबह के समय कई लोग मॉर्निंग वाक के लिए निकलते हैं, जिन्हें अक्सर सड़क में आवारा कुत्तों से डर बना रहता है। वर्तमान में कुत्तों का झूंड सड़कों पर अक्सर दिखाई देता है, इनके पास से गुजरने के दौरान हमेशा ही लोगों को डर बना रहता है। यही कारण है कि कई लोग अपने साथ डंडा लेकर मार्निंग वॉक पर निकलते हैं। पूर्व में डॉग बाइट के कई मामले हो चुके हैं, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में किया गया है।

### पालतू कुत्तों को बाहर घुमाने के नियम का हो पालन

कई लोगों के द्वारा कुत्ते पाले जाते हैं, इनके लिए भी नियम बनाए गए हैं, लेकिन नियमों का पालन मालिक नहीं करते। कुछ नस्ल के कुत्ते खतरनाक होते हैं, जिनके लिए रजिस्ट्रेशन के दौरान कुछ शर्ते होती है, जिनका पालन करना होता है। जानकारी के अनुसार घर से बाहर पालतू कुत्ते को घुमाने ले जाए तो हमेशा बांधकर रखे, ताकि किसी को काटे नहीं, वहीं कुछ आक्रामक नस्ल के कुत्तों को घर के बाहर घुमाने के दौरान मुंह को बंद करने के लिए मजबूत जालीदार मुंह में लगाना जरूरी है।

### कुत्ता काटे तो मालिक की जिम्मेदारी

पालतू कुत्ता यदि किसी व्यक्ति को काट ले तो यह जिम्मेदारी मालिक की बनती है कि घायल व्यक्ति का उपचार कराए साथ ही नगरीय निकाय या पुलिस में इसकी सूचना भी देनी होती है, लेकिन ज्यादातर कुत्ता मालिक ऐसा नहीं करते ,वहीं अगर किसी का कुत्ता आक्रामक हो तो उसे नियंत्रित रखने की जिम्मेदारी भी मालिक की होती है।

## पूरी रात बिजली गुल जनजीवन



■ व्यापारिक गतिविधियां रहीं प्रभावित

**सोनहत।** जिले के मुख्यालय सोनहत में शनिवार की शाम लगभग 4 बजे से शुरू हुई बिजली कटौती रविवार पूरे दिनभर जारी रही। अचानक बिजली आपूर्ति ठप होने से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। सुबह के समय नल-जल योजना से जलापूर्ति बाधित रही, वहीं बैंकों और विभिन्न शासकीय कार्यालयों में कंप्यूटर सिस्टम बंद रहने से कामकाज ठप पड़ गया। मोबाइल चार्जिंग न होने से लोग सोशल मीडिया और संपर्क से दूर रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में सन्नाटा सा पसरा रहा। स्थानीय व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित रहीं। खासकर ऑटो मोबाइल सेक्टर में लोग अपने वाहनों की मरम्मत कराने भटकते रहे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग अपने आवश्यक दस्तावेजों की फोटोकॉपी (जेरॉक्स) नहीं करा पाए और दिनभर परेशान होते रहे। विभागीय सूत्रों के अनुसार शिवघाट एवं काचरडॉड केपास लगे विद्युत खंभों में तकनीकी खराबी आने के कारण आपूर्ति बाधित हुई थी। बिजली विभाग की टीम लगातार मरम्मत कार्य में जुटी रही और व्यवस्था बहाल करने का प्रयास करती रही।

### दिनभर छाए रहे बादल, बारिश के बने आसार

**सोनहत।** 9 सितंबर को खंड मुख्यालय सोनहत सहित आसपास के सभी ग्रामों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। रह-रहकर गरज के साथ हल्की बारिश होने से पूरा दिन मौसम सुहावना बना रहा। पिछले एक-दो दिनों से बारिश में आई कमी से लोगों को राहत मिलने लगी थी, लेकिन बीती रात से फिर बादल घिरने और बूंदाबांदी होने से बारिश का सिलसिला लौटने के आसार दिखने लगे हैं। दिनभर हवाओं के तेज झोंकों के चलते बारिश कभी संभावित तो कभी टलती नजर आई। बदलते मौसम के इस मिजाज से ग्रामीणों और किसानों में नई चर्चाएं शुरू हो गई है।

## जीएसटी 2.0 आम आदमी को राहत, विलासिता पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष ने ली प्रेसवार्ता

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कुंज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में मंगलवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में छग पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय ने जीएसटी 2.0 के प्रावधानों और उससे होने वाले लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, महामंत्री द्वय द्वारिका जायसवाल एवं आशीष मजूमदार, जिला प्रवक्ता जमुना पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता में छग पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडे के द्वारा बताया गया कि जीएसटी 2.0 के तहत अब पुरानी चार कर स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 28 प्रतिशत को समाप्त कर तीन स्लैब बनाए गए हैं। इनमें 5 प्रतिशत दर आवश्यक वस्तुओं पर, 18 प्रतिशत दर मानक वस्तुओं व सेवाओं पर तथा 40 प्रतिशत दर विलासिता एवं हानिकारक वस्तुओं पर लागू होगी।



### रोजमर्रा की वस्तुएं होंगी सस्ती

नई व्यवस्था के अंतर्गत पैकेज्ड खाद्य सामग्री, साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट जैसी रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुएं सस्ती होंगी। जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा को जीएसटी से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। छोटे वाहन, मोटरसाइकिल, तीन-पहिया, टीवी, फ्रिज व वाशिंग मशीन पर कर घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल श्री पाण्डेय ने बताया कि किसानों व ग्रामीण क्षेत्रों को राहत देने के लिए ट्रैक्टर, कृषि उपकरण, उर्वरक और हस्तशिल्प जैसी वस्तुओं पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, इससे खेती-किसानी व ग्रामीण रोजगार को नई ऊर्जा मिलेगी। शराब, सिगरेट और पान मसाला जैसी हानिकारक एवं विलासिता संबंधी वस्तुओं पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया है। वहीं आवश्यक वस्तुएं व सेवाएं सस्ती होने से आम उपभोक्ता को सीधा लाभ मिलेगा।

### जनदर्शन में 16 आवेदन मिले

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। 9 सितंबर को को जनदर्शन में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए।

## रजत जयंती महोत्सव पर महाविद्यालय में सेमीनार




**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में विकसित छग विकास की चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय सेमीनार आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो उपस्थित रहीं। सेमीनार का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित और राजगीत की सामूहिक प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सेमीनार में प्रतिभागियों प्रांजल दुबे, रीना राजवाड़े, अनीता साहू, साक्षी खलखो, श्रेया पटेल और ललित कुमार ने अपने विचार रखे। प्राध्यापकों की ओर से डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. आशुतोष देउस्कर, डॉ. गौरव मिश्र, भूपेन्द्र सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, श्रीमती अर्चना द्विवेदी, श्रीमती कंचन जायसवाल और डॉ. हेमेन्द्र सेन ने भी विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। मुख्य अतिथि ने शिक्षा और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छग ने 25 वर्षों की यात्रा में विकास के कई आयाम तय किए हैं।

प्राचार्य डॉ. हिमधर ने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता परिणाम में प्रथम स्थान ललित कुमार, द्वितीय स्थान अनीता साहू और तृतीय स्थान प्रांजल दुबे को प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल में डॉ. गौरव मिश्र, डॉ. एके देउस्कर और भूपेन्द्र सिंह ⏭ शेष पेज 4 पर

### एमसीबी में रेडक्रॉस की हुई बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी समिति जिला शाखा एमसीबी की प्रबंध समिति की बैठक कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष डी. वेंकट राहुल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सचिव सह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, चेयरमैन शैलेश कुमार जैन, को-चेयरमैन विवेक जायसवाल, कोषाध्यक्ष रिंकेश खन्ना, प्रदेश प्रतिनिधि रामनरेश पटेल, नोडल अधिकारी एनके मंडल, सह सचिव जसपाल कालरा, जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे, पीएन राव, श्रीकांत सिंह, अजय जायसवाल, राजेन्द्र तिवारी, अमूल्य झा, सुमित अग्रवाल, संजय सेंगर, हर्षित जैन, देवशीष चक्रवर्ती सहित अन्य सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में जिला शाखा की गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने और जनता तक अधिक प्रभावी ढंग से सेवा पहुंचाने पर जोर दिया गया।




### जांच में खामियां मिलने पर वसूला गया समंस शुल्क

# सोनहत पुलिस की वाहन चेकिंग से चालकों में हड़कंप



चेकिंग करती पुलिस।



चेकिंग के दौरान सड़क पर खड़े बाइक चालक।

**बैकुण्ठपुर।** सोनहत पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर प्वाइंट लगाकर वाहनों की जांच पड़ताल घंटो तक की।

जांच से बचने के लिए सड़क के दोनों ओर वाहन चालक अपनी वाहन को खड़ा कर खड़े रहे। इस दौरान कई वाहनों की जांच में कमी पाए जाने पर समंश शुल्क वसूल किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को सोनहत पुलिस की टीम ग्राम पहाड़पारा के आगे शिवघाटी शुरूआत के मुख्य मार्ग पर वाहनों की जांच पड़ताल शुरू की, तब मुख्य मार्ग पर आवागमन करने वाले लोग सकते में आ गए। इस दौरान पुलिस ने बिना कागजात, बिना हेलमेट एवं तीन सवारी वाले वाहनों पर समंश शुल्क वसूला गया। इस स्थल पर घंटो जांच अभियान चलाया गया, लेकिन देर अपरान्ह बारिश शुरू हो गई, तब जांच अभियान बंद हो गया। जांच के दौरान सड़क के दोनों ओर कई दुपहिया वाहन चालक जांच से बचने के लिए दूर ही अपनी वाहन को खड़ी कर नजारा देखते रहे, लेकिन कई लोग जांच में फस गए और चालानी कार्रवाई का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सोनहत पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर समय-समय पर वाहनों की जांच पड़ताल की जाती है।

### महिला पुलिस भी जांच में शामिल

आमतौर पर पुलिस द्वारा वाहनों की जांच कार्य में ज्यादातर जगहों पर पुरूष पुलिस कर्मी ही दिखाई देते हैं, महिला पुलिस कर्मी बहुत ही कम वाहन जांच के दौरान दिखाई देती हैं। सोनहत पुलिस द्वारा सोमवार को शिवघाट के पहले ढलान में वाहनों की जांच में महिला पुलिस को भी साथ लेकर आई थी।



# कोरकू, भील मुरिया, राजा मुरिया जनजाति में मृतक स्तंभ

परम्परा
डा. नीलिमा गुप्ता

बस्तर की जनजातियों में पाषाणयुगीन प्रागैतिहासिक मृतक संस्कारों की प्रथा आज भी देखी जाती है। कोरकू, भील मुरिया, राजा मुरिया, दंडाभी माड़िया, तथा अबूझमाड़िया जनजातियों में मृतक संस्कारों की यह परम्परा विद्यमान है। कोरकू जनजाति में व्यक्ति की मृत्यु होने पर काष्ठ निर्मित जिसे कोरकू मृतक स्तंभ मण्डा, मुण्डा, मण्डो अथवा गाथा पटिया कहा जाता है, जिसे सिडोली उत्सव आयोजित कर स्थापित करते हैं। पौष या माघ माह में घर के मुखिया तथा रिश्तेदारों सहित सुतार (लकड़ी) को तिलक लगाकर स्मृति चिन्ह उकेरने का कार्य आरंभ किया जाता है।


मण्डा दो प्रकार से बनाया जाता है। पहले प्रकार के



अनुसार चतुर्भुज आकार का स्तम्भ दो फीट चौड़ा तथा तीन चार फीट लंबा मोटे पटिया वाला होता है। इसके एक ही भाग पर पूर्वजों की आकृतियां मुख्य रूप से मृतक के प्रतीक स्वरूप आकृति उकेरी जाती है। दूसरी घुड़सवार की आकृति के ऊपर चंद्रमा - सूर्य बनाए जाते हैं। इन आकृतियों को बनाने की अवधारणा यह है कि व्यक्ति खुले हाथ आता है और खुले हाथ घोड़े पर सवार होकर चंद्रलोक होते हुए सूर्यलोक में जाता है। दूसरे प्रकार के लगभग पांच फीट लंबे, मोटे, चौरस स्तंभ का शीर्ष भाग मंदिर के समान होता है। इसके अग्र भाग में अधिकतर चांद सूरज तथा दाहिने भाग में गोदना गोदने वाले कलाकारों द्वारा मूंगा मूंगनी, पृष्ठ तथा बाएं भाग में पूर्वजों की प्रतीक आकृतियां उकेरी जाती हैं। स्तंभ का शेष भाग सुंदर बेल -बूटों, पशु - पक्षियों, भित्ति चित्रों, गोदना चित्रों तथा विविध ज्यामितीय आकृतियों से अलंकृत किया जाता है। वैरियर एल्विन के अनुसार ज्ञान स्मृति स्तंभों में कोरकू मण्डा श्रेष्ठ होते हैं।

ऐतिहासिक
डा. रामकुमार बेहार

## छत्तीसगढ़ में आधुनिक युग का आरंभ



छत्तीसगढ़ में इतिहासकार आधुनिक युग का आरंभ 1741 ई. को मानते हैं। एक तर्क इस तथ्य पर आधारित है कि 1741ई में मराठा सेनापति भास्कर पंत ने रतनपुर के राजा रघुनाथ सिंह को परास्त किया। रघुनाथ सिंह जी को शासन से पृथक कर अपने व्यक्ति को शासन सूत्र का संचालक नियुक्त किया। इस समय बिंबाजी भोंसले रतनपुर पहुंचकर औपचारिक रूप से इस अंचल का शासन सूत्र संभालते हैं। उल्लेखनीय है कि बिंबाजी भोंसले ने पिता की मृत्यु के पश्चात अपने सेनापति पांडुरंग को छत्तीसगढ़ पर अधिकार करने के लिए भेजा, मगर पांडुरंग को सफलता नहीं मिली, पराजय व निराशा से वह वापस लौटा था। बिंबाजी स्वयं एक बड़ी सेना व अनुभवी सेना नायकों से आर पार की लड़ाई लड़ने आया था। इसी समय आधिपत्य वाले क्षेत्र में बीमार पड़ने के कारण मोहन सिंह की मृत्यु हो गई। आगे छत्तीसगढ़ पर मराठा आधिपत्य के मार्ग की बाधा दूर हुई। ऐसी स्थिति में मई 1757 ई से ही छत्तीसगढ़ के इतिहास का आधुनिक युग का आरंभ मानना अधिक उपयुक्त होता है।

लोक साहित्य
डा. कांति कुमार जैन

## छत्तीसगढ़ के मध्य भाग की छत्तीसगढ़ी

छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जिले में बोली जाने वाली छत्तीसगढ़ी मध्य भाग की छत्तीसगढ़ी कहलाती है। इसे भाषा शास्त्रियों ने परिनिष्ठित, केंद्रीय या साधु छत्तीसगढ़ी भी कहा जाता है। इसके भाषा क्षेत्र में रायगढ़ जिले का पश्चिम भाग, जांजगीर चांपा, कवर्धा, राजनांदगांव जिले के साथ छुईखदान, तथा उत्तरी कांकेर जिले के भू भाग आते हैं। छत्तीसगढ़ के इस भाषा स्वरूप को लेकर दो तरह के मत व्यक्त किए जाते हैं। एक वर्ग बिलासपुर रतनपुर की छत्तीसगढ़ी को मानक मानता है, तो दूसरा वर्ग रायपुर की छत्तीसगढ़ी को। रायपुरी और बिलासपुरी छत्तीसगढ़ी के बीच शिवनाथ नदी एक तरह से विभाजक रेखा का कार्य करती है। वस्तुतः बिलासपुरी और रायपुरी छत्तीसगढ़ी में कोई मौलिक अंतर नहीं है। इनमें कतिपय परसर्गो, धातुओं और शब्दों के प्रयोग एवं अर्थ में अंतर दिखता है। रायपुर की छत्तीसगढ़ी में आदर्श रूपों में धातु के साथ ' अव' तथा बिलासपुरी में ' आ ' का प्रयोग होता है। परसर्गों में भी कर्मकारक को लेकर अंतर है। रायपुरी में ' ला ' का और बिलासपुरी में उसके स्थान पर ' का ' का प्रयोग किया जाता है। दोनों रूपों में संज्ञा पदो, सर्वनाम में भी किंचित अंतर दिखाई देता है। यह भी सत्य है कि रतनपुर छत्तीसगढ़ की प्राचीन राजधानी होने के कारण उसके रूप को पूर्व में परिणिष्ठित माना जाता था। किन्तु लंबे समय से रायपुर छत्तीसगढ़ का केन्द्र है। प्रचार प्रसार एवं प्रशासन की केंद्रीयता के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ी के आधुनिक रूप की निमित्त में रायपुर की अधिक भूमिका रही है। एतदर्थ, रायपुर छत्तीसगढ़ी को मानक मान लेने के आग्रह में औचित्य प्रतीत होता है।




### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

परब विशेष
डा. पीसीलाल यादव



# पूर्वजों के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट करते हैं पितर पाख में

छत्तीसगढ़ में धार्मिक रीति रिवाजों और परम्परा को मनाने की संस्कृति सदियों से चली आ रही है। अपने पूर्वजों को श्राद्ध तर्पण देने का ऐसा ही पर्व है - पितर पाख। यह क्वार कृष्ण पक्ष एकम से प्रारंभ होता है। इसमें पंद्रह दिनों तक पितरों को पिंड दान और तिल सहित जल का तर्पण दिया जाता है। प्रथम दिवस पितर बइसकी कहलाता है।

पितृ पक्ष लगते ही महिलाएं ओरवाती को गोबर से लिपती हैं। चौक पूर कर फूल चढ़ाती हैं। पितर को तर्पण देने वाला व्यक्ति जल तर्पण के समय दूब, कुश, तरोई पान, उड़द दाल व चावल का उपयोग कर पितरों को स्मरण करता है। पुरुष पितर जिस तिथि को दिवंगत होते हैं, उसी तिथि को उन्हें तर्पण दिया जाता है। नवमी के दिन माताओं को, पंचमी के दिन बच्चों व कुंवारों को तथा अकाल मृत्यु प्राप्त पितरों को चतुर्दशी को तर्पण दिया जाता है।



इन दिनों बरा, सोहारी, खीर आदि व्यंजन बना कर पितरों को चढ़ाया जाता है फिर परिवार जनों व इष्ट मित्रों को निमंत्रित किया जाता है। पितृ पक्ष में दान का बड़ा महत्व है। अतः ब्राह्मणों व भांजा भांजियों को राशि, अन्न आदि दान में दिया जाता है। पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता, आदर, श्रद्धा का भाव जगाने वाला यह पर्व पितृ ऋण से ऊऋण होने की प्रेरणा देता है।

गांव की कहानी : टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'




# लद्दी से लब्दी और लब्दी से हुआ गांव गब्दी

छत्तीसगढ़ के बालोद जिला मुख्यालय के दक्षिण दिशा में लगभग बयालीस किमी की दूरी पर बसे गांव गब्दी के स्थापत्य काल अट्ठारहवीं शताब्दी है। इस समय दक्षिण कोसल छत्तीसगढ़ के दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत गुंडरदेही रियासत में रायवंश के जमींदारी थी। रियासत नगरी से सोलह किमी दूरी पर ही गब्दी गांव बसा है। ग्राम पटेल व सेवानिवृत्त शिक्षक पी आर खरांशु के जनश्रुति के मुताबिक कुछ अनाज व्यापारी बैलगाड़ी से कहीं जा रहे थे। शाम होने पर रात्रि-विश्राम के लिए रुके। तभी उन्हें बबूल के झुरमुट से कीचड़ से सना एक भैंसा दिखाई दिया। करीब जाकर देखा तो पता चला कि वहां पर एक छोटा पोखर है। पोखर में पानी कम और लद्दी अर्थात कीचड़ अधिक था। व्यापारियों ने वहीं पर रात बिताई। इस तरह उन व्यापारियों का उसी रास्ते से आना-जाना चलता रहा। जब भी पोखर में पर्याप्त पानी रहता था, वे रात बिताते थे। धीरे-धीरे व्यापारी उस विश्राम स्थल पर बसने लग गए। एक बस्ती बन गई। बस्ती का नाम लद्दी रखा गया। लद्दी से लब्दी हुआ। समय के साथ लब्दी गांव ही गब्दी कहलाया। वो छोटा सा पोखर आज बांधा देव तालाब कहलाता है। तालाब के शीतला माता मंदिर में क्वाँर नवरात्र को ज्योत-जँवारा व ज्योत-कलश की स्थापना अंचल में प्रसिद्ध है।कालांतर में अर्जुन कोष्टा गाँव के पहले जमींदार हुए। अटल कोष्टा, भरत कोष्टा, रामलाल, बिंझवार हल्बा, सुकलाल मुकरदम,अभय राम कलार, फकीर खरांशु, चुरामन लाल राव गुरुजी गाँव के नामी व्यक्ति हुए। हीरालाल कोष्टा गांव के पहले सरपंच हुए। इस क्षेत्र में गाँव गब्दी से ही संगीतमय रामायण प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, जो अनवरत जारी है। ग्राम गब्दी में मंजे हुए लोक कलाकार भी हुए। आज यह गांव शिक्षा के साथ जागरूक गांव होने के साथ विकास के नए नए आयाम गढ़ रहा है।



सुरता
आशा झा

## आंचलिक कला और साहित्य को समृद्ध करने में काफी योगदान रहा दानेश्वर शर्मा का

छत्तीसगढ़ अंचल के दुर्ग जिले के धमधा मार्ग में स्थित ग्राम मेड़ेसरा के निवासी रहे प. दानेश्वर शर्मा जी अपने जीवन को लोककला और साहित्य को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित कर दिए। आप भिलाई इस्पात संयंत्र में अधिकारी के रुप में अपनी सेवाएं दी। भिलाई इस्पात संयंत्र में 5 दिवसीय लोक कला महोत्सव की शुरुआत आपने की थी। इस भव्य मंच के माध्यम से आपने आंचलिक कलाकारों को भिलाई इस्पात संयंत्र के लोक कला महोत्सव में स्थान देकर उन्हें ऊंचाई प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। इसका सुखद परिणाम यह हुआ कि आपकी प्रेरणा से राज्य और देश में कई कलाकार अपनी कला का आज जादू बिखेर रहे हैं। इनमें पद्म विभूषित तीजन बाई, देवदास बंजारे, ऋतु वर्मा, खुमान लाल साव जी जैसे अनेक विधा के कलाकार अंचल की लोक कला को देश विदेश में पहुंचाए। आप स्वयं एक साहित्यकार रहे तथा आपके द्वारा लिखित कई कालजई गीत आकाशवाणी और दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारित होते रहते हैं। कई पुस्तकों का प्रकाशन आपका हुआ है, तथा श्रीमद भागवत गीता का छत्तीसगढ़ी में आपने अनुवाद किया है। आप छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। आपने अमेरिका के न्यूयार्क में 2007 को आठवीं विश्व हिन्दी सम्मेलन में सम्मिलित हुए। श्रीमद भागवत पुराण के अच्छे कथा वाचक के रुप में भी आप जाने गए। छत्तीसगढ़ी फिल्मों में भी आपके गीतों को शामिल किया गया है।



कला जगतः डा. निशा शर्मा



# मध्य काल में भी प्रभावी रहा ददरिया

हमारे ग्रामीण अंचल में बैलगाड़ी आवागमन का महत्वपूर्ण साधन रहा है। अक्सर देखने में आता है कि ग्रामीण अपने बेलों को विभिन्न रंगों में सजाता संवारता है। ऐसी सजे संवरे बैलगाड़ी में अगर कोई ग्रामीण बाला चढ़ने को उत्सुक है तो वह दिलवाली होगी। श्रृंगारिक भावनाओं का परिचय मनुज प्रवृत्ति एवं व्यवहार से प्रदर्शित हो जाती है। अंचल विशेष की स्पष्ट छवि मन में अंकित हो जाती है। मध्य काल की लोक गाथाओं में तंत्र मंत्र का मायाजाल विद्यमान है। इसका प्रभाव ददरिया में भी है -

गाड़ी मा डारों गोबर खरसी।
थोपे डारो मोहनी जबरदस्ती।

मध्य काल में नाथ सिद्ध परम्परा का प्रचलन हुआ। उसी के समानांतर यहां भी जंगलीय जीवन में बैगा, जादू टोना , तंत्र मंत्र का प्रभाव पनपा। गौड़ जाति की एक शाखा बैगा, सम्मोहन, उच्चाटन आदि तंत्र मंत्र एवं जड़ीबूटियों का प्रयोग देखने को मिला।



कुछ लोग जो इस अंचल के दूर के वासी हैं, उनकी धारणा बन गई कि छत्तीसगढ़ में पुरुष ही नहीं, स्त्रियां भी जादू, तंत्र मंत्र, टोना टोटका जानती हैं और बाहर से आए लोगों को सम्मोहित कर लेती हैं। सम्मोहन की कला में यहां की स्त्रियां पारंगत थीं, यहां की लोक गाथाओं और ददरिया में भी यह स्पष्ट झलकता है।लगभग यह संस्कृति अब समाप्त हो चुकी है।

रीतिकाल में रचनाकार, नायक एवं नायिकाएं, कृष्ण एवं राधिका में प्रत्यारोपण करके श्रृंगारिक भावनाओं को प्रतिबिंबित करते रहे। इसका प्रभाव ददरिया में भी पड़ा है -

आमा लगाए ओरी के ओरी।
एमा रेंगे कन्हैया जांवर जोड़ी।

रहस्यात्मक अध्यात्म को भी चित्रित एवं विशिष्ट ढंग से समझना ददरिया कि मौलिकता है। आधे स्वर्ग में दुनिया की जो स्थिति है उसे देखें इस ददरिया में -

आधा सरग में उड़ेला मरही।
पांच नाम ला सुमर ले तोर चोला तरही।

## खबर संक्षेप



### पितृपक्ष को लेकर की गई घाटों की साफ-सफाई

**रामानुजगंज।** पितृपक्ष के अवसर पर नगर वासियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पितृपक्ष शुरू होने के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार के निर्देश पर नगर पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा कन्हर नदी किनारे स्थित मां महामाया मंदिर घाट एवं शिव मंदिर घाट की विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि पितृपक्ष में नगर के अधिकांश लोग परंपरागत रूप से नदी किनारे पहुंचकर अपने पितरों को तर्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या एकत्र होते है। ऐसे में घाटों की स्वच्छता और सुव्यवस्था बनाए रखना बेहद आवश्यक है। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि धार्मिक महत्व वाले इन स्थलों पर साफ-सफाई नगर की संस्कृति और श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी स्वच्छता निरीक्षक विजय दास एवं बेचु प्रजापति की देखरेख में घाटों पर कचरा हटाने, गंदगी साफ करने में लगे हैं ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पितृपक्ष में नगर की धार्मिक परंपराएं सम्मान जनक ढंग से संपन्न हो सकेगी और श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण में अपने पितरों का तर्पण करने का अवसर मिलेगा।

### वसुधा ने घोषित किया तीज उत्सव का परिणाम

**अम्बिकापुर।** महिलाओं के संगठन वसुधा महिला मंच एवं समभाव महिला मंच द्वारा तीज पर आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया है। वसुधा महिला मंच द्वारा घोषित परिणाम में प्रथम सरिता सिंह, द्वितीय डॉ.पुष्पा सोनी, तृतीय रेखा इंगोले विजेता रही। समभाव महिला मंच द्वारा प्रथम कुंजबाला जायसवाल एवं मुक्ता गुप्ता, द्वितीय मधु चौदहा एवं रेखा गुप्ता तृतीय तनुश्री मिश्रा एवं विमला यादव को प्राप्त हुआ। विशेष पुरस्कार के लिए संजीता स्वर्णकार एवं आंचल पाण्डेय का चयन किया गया है। किटी समूह द्वारा प्रथम रश्मि गुप्ता, द्वितीय सत्या दुबे, एवं तृतीय स्मिता तिवारी रही। विजेताओं को समिति के आगामी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं की लॉटरी ड्रा वंदना दत्ता एवं अनुभा डबराल की उपस्थिति में छोटे बच्चों द्वारा निकाली गई।

### शिक्षक दिवस पर बच्चों को निःशुल्क टाई, बेल्ट वितरण

**बिहारपुर।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रसौकी में बच्चों ने सरपंच रीता सिंह के मुख्य आतिथ्य में शिक्षक दिवस मनाया गया। बच्चों ने



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। दीप प्रज्वलन पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किया। विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका पैकरा एवं अमिता रानी प्रधान द्वारा बच्चों को टाई एवं बेल्ट का निःशुल्क वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गुरू ही विद्यार्थियों का सच्चा पथप्रदर्शक होता है, जो उन्हें जीवन में सफलता की ओर अग्रसर है। अंत में प्रधान पाठक नंदलाल राठिया ने मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना एवं अनुशासन की भावना विकसित होती है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पार्वती महाविद्यालय में मना साक्षरता दिवस

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन कर साक्षरता के महत्व एवं इसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। अध्यापकों ने डिजीटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देने तथा साक्षरता दिवस के इतिहास पर व्याख्यान दिया। इस दौरान प्राचार्य डॉ.छवी रानी मंडल सहित सभी सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### जमीन विवाद में दो भाइयों ने युवक से की मारपीट, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर दो सगे भाइयों ने मेन मार्केट स्थित विजय फोटो स्टूडियो के संचालक नरेंद्र कांडे की पिटाई कर दी है,घटना शुक्रवार की बताई गई है। फोटो स्टूडियो संचालक की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी भाइयों नागेश सिंह आर्मो व योगेश आर्मो पिता स्व सदन सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2),296,3(5),351(3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।स्टूडियो संचालक नरेंद्र कांडे ने पुलिस में दर्ज कराए गए रिपोर्ट में बताया कि एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने उनकी कब्जे की जमीन है,उन्हें सूचना मिली कि उनके कब्जे की जमीन में आरोपित दोनों भाइयों द्वारा कब्जे करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे वे देखने के लिए मौके पर चले गये।

## नौ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं, मांगों लेकर अभाविप ने किया कॉलेज का घेराव



महाविद्यालय के सामने प्रदर्शन करते अभाविप कार्यकर्ता व विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शासकीय कालिदास महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं एवं छात्रों को हो रही असुविधाओं को लेकर महाविद्यालय का घेराव किया तथा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है।

**खास बात**

- मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

कोरिया विभाग संयोजक प्रदीप यादव ने बताया कि महाविद्यालय में गर्ल्स वाश रूम के दरवाजे और नल टुटे पड़े हैं और इनकी नियति साफ सफाई भी नहीं होती। पीने के पानी के लिए अभी तक किसी प्रकार की उचित व्यवस्था नहीं किया गया है। गर्ल्स कॉमन रूम और छात्रा सुरक्षा का मुद्दा प्रमुख रहा जिसको लेकर अभाविप के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय का घेराव किया और अपनी मांगों को रखा है। अभाविप नगर मंत्री रिंकू नाविक ने बताया कि महाविद्यालय में छात्रों के बाइक, साइकिल रखने के लिए स्टैंड बना हुआ है जो क्षतिग्रस्त और छज्जा टूटा हुआ है इसके बाद भी मरम्मत नहीं हुआ है। गर्ल्स वॉशरूम का दरवाजा टूटा हुआ है साथ ही वाशरूम में लगी नल भी टुटी हुई है। नियमित रूप से महाविद्यालय के सभी वॉशरूमों की सफाई एवं पानी की सुविधा होने चाहिए। महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या अधिक है, जबकि शासन प्रशासन द्वारा छात्राओं को हर साल सेनेटरी पैड उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन महाविद्यालय द्वारा पिछले कई वर्षों से सेनेटरी पैड वितरण नहीं कराया गया जिसका हिसाब दें और तत्काल छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरण कराई जाए। महाविद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम की सुविधा, महाविद्यालय में छात्रावास की सुविधा, महाविद्यालय में बीए, बीएससी एवं बीकॉम के कक्षाओं में पंखे व खराब बोर्ड की मरम्मत की जाए। महाविद्यालय में कार्यालय सहायक पदों का नोटिफिकेशन निकाला जाए एवं महाविद्यालय का शुल्क कम किए जाने सहित अन्य मांग की। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही। इस दौरान रिंकु नाविक, बरत लाल, नंदेश्वर यादव, राज यादव, देव कुमार, अमर महंत, जितेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, नरेंद्र सिंह, अनंत प्रकाश, राकेश कुमार, विवेक, रूपेश, उपेंद्र कुमार, शैलेन्द्र पैकरा, दिलीप कुमार, नारायण पैकरा, सोनशाय, संत कुमार, संजय कुमार, देवेश कुमार,श्रवण कुमार पैकरा, रेशमी सिंह, कौशल्या, अनुराधा, मानमती, मीना, सत्या, बिंदेश्वरी, कान्ति, प्रमिला, खुशबू ठाकुर, आरती गुप्ता, लक्ष्मी, रीना, उर्मिला, रिया, अश्लेखा, सीता, सुप्रिया, अमृता सिंह, पूनम यादव, रीना प्रजापति, अराधना, संगीता बखला, चंचल, बिमला शांडिल्य, रीना, राजकुमारी, सरिता सिंह, फूलकुमारी, नंदिता सेन, नीरज, पूनम सिंह, सुमित्रा, दीक्षा सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### अव्यवस्था को लेकर छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** पीजी कॉलेज की अव्यवस्था, लापरवाहियों और गैर जिम्मेदाराना बर्ताव को लेकर महाविद्यालय के छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। साथ ही सात दिवस में व्यवस्था से सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। कॉलेज में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं का कहना है कि बीए,बीएससी, बीकॉम, और बीसीए की नियमित कक्षाएं नहीं लगती, लाइब्रेरी से पुस्तकें नहीं मिलते, सातवें सेमेस्टर के लिए प्रोफेसर उपलब्ध नहीं है। परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी बरती जा रही है और अच्छा पेपर लिखने के बाद भी छात्रों को केवल 2-3 नंबर मिलना मिलता है। परीक्षा में बैठने के बाद भी अनुपस्थित और मनमाने तरीके से बेक लगा देते है। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में बाहरी लोगों आकर छात्राओं से दुर्व्यवहार करते है। छात्रों को कब कक्षाएं लग रही हैं इसकी जानकारी नहीं मिलती। छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय पानी जमा होने सहित अन्य समस्याओं से प्राचार्य को अवगत कराया। जिस पर प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि सात दिवस के अंदर इन सारी समस्याओं को दूर कर दिया जाएगा। इस दौरान नेता ज्ञान तिवारी, अतुल ताम्रकार,कान्हा पटेल, आकाश पटेल, नेहाल साहू, पवन सोनी, मनीष सोनी, समीर सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र उपस्थित थे।





## ग्राम पंचायत नवापाराकला में संभाग स्तरीय करमा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

विकास खंड प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा कला में करमा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल तथा क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संभाग स्तर के करमा टीम प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ग्रामवासियों ने अपनी संस्कृति एवं पुराने परंपरा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं बचाने के लिए आयोजन किया जाता है। ग्राम पंचायत नवापारा कला के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विकास खंड प्रेमनगर के समस्त जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन भी काफी सक्रियता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। करमा प्रतियोगिता बूढ़ा देव लोक सेवा समिति के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में करम देवता के पूजा अर्चना किया जाता है। प्रेमनगर विधानसभा के विधायक ने कहा कि यह कार्यक्रम अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के महिला बाल विकास विभाग के मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजन करने से हमारी संस्कृति का पहचान बनता है और इसे बचाकर रखना हमारी जिम्मेदारी है। मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि करमा त्यौहार हमारी पुरानी संस्कृति रही है। करम देव का पूजा करने से घर परिवार एवं क्षेत्र में सुख समृद्धि बनी रहती है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, शशि कांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, दीपक गुप्ता, वीरेंद्र जायसवाल, नयन सिरदार, रन सिंह टेकाम, प्रभु नारायण श्याम, आनंद कुंवर, उषा सिंह, अजय श्याम, शिवनन्दन सिंह मरावी, मिथिला बंजारा, पूर्णा जायसवाल, विजय सिरदार, महेंद्र कुमार यादव, प्रदीप साहू, उर्मिला साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गाज की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंधा घुटरापारा स्थित नर्सरी में गाज की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। रविवार की दोपहर 3.30 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही गरज चमक होने लगी। इस दौरान गाज गिरने से नर्सरी में चर रहे दो मवेशी चपेट में आ गए जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। मृत मवेशी ग्राम बंधा निवासी प्रेम दास आ. संटू दास के बताए जा रहे है।

### ग्रामीणों को दी गई आयुर्वेद एवं योग की जानकारी

**सोनगरा।** आयुष विभाग द्वारा रजत महोत्सव अंतर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य एवं आयुष केंद्र सोनगरा में ग्रामीणों को आयुर्वेद एवं योग जागरूकता, घरेलु औषधि की जानकारी दी गई। वृद्धो को घरेलु औषधि पौधे का वितरण संस्था में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष



कुमार सिंह एवं संस्था प्रभारी डॉ. मीना राजवाड़े द्वारा किया गया। डॉ. सिंह ने आयुष विभाग के जनकल्याण कारी योजनाओं के साथ साथ हमें हर दिन हर घर आयुर्वेद के तहत अपने आस पास के औषधि परिचय, रोगप्रतिरोधक घरेलू औषधियों के बारे में जानने एवं उनके दैनिक उपयोग से लाभ के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त आहार विहार दिनचर्या ऋतुचार्य, योग प्राणायाम को अपने जीवन शैली में जोड़ने की बात कही। स्वास्थ्य शिविर में 45 रोगियों का उपचार एवं परामर्श दिए गए।

## भाजपा सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला 17 से 2 अक्टूबर तक होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

भाजपा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा सूरजपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि विधानसभा सामरी के विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा मौजूद थे।




बैठक में शामिल भाजपा पदाधिकारी।

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि सेवा परमो धर्म को चर्चा करते हुए समाज के गरीब सूचित वंचित वर्गों के उत्थान हेतु अन्य को ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहे हैं उनका व्यक्तित्व कृतित्व अद्भुत है। सेवा पखवाड़ा सिर्फ कार्यक्रम नहीं यह सेवा, समाधान, समर्पण का समागम होगा। सेवा पखवाड़ा निमित्त सभी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। जिला प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर महात्मा गांधी का जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। कार्यशाला में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर लगाना,एक पेड़ मां के नाम, प्रबुद्ध जन सम्मेलन, दिव्यांग जानो का सम्मेलन, कुटुंभ प्रबोधन कार्यक्रम करना, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत पर फोकस, संघ शताब्दी उत्सव मनाने को लेकर विस्तृत जिम्मेदारी दी गई है।

विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एवं प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के कुशल नेतृत्व में मोदी के गारंटी और विष्णु के सुशासन चल रही है। सेवा पखवाड़ा में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों को अवगत करवाया जाएगा।

इस दौरान रामकिशुन सिंह, गोपाल कृष्ण मिश्रा, अजीत सिंह, बलवंत सिंह, आनंद जायसवाल, तारावती सिंह, शशिकला भगत, कमलाराम, दीनानाथ यादव, हीरामुनि निकुंज, रवि प्रताप, पूजा कश्यप, अजय गुप्ता, मुकेश गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, शुभम सोनी, असर्फी यादव,मुंद्रिक सिंह, विनय भगत, आकाश अग्रवाल, सुनील तिवारी, लोधिराम,शीला जायसवाल, एक्का मंडल, सीताराम गुप्ता, विवेक जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, शिवशंकर शुक्ला, नारद यादव, धीरेंद्र द्विवेदी, शशि टोप्पो, विजय प्रताप सिंह, मुकेश जायसवाल, महामंत्री रजनी सोनी, मंगलम पांडे सहित अन्य उपस्थित थे।

## कंदरई स्कूल में छात्राओं को किया गया जागरूक

**बिश्रामपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के योजना संकल्प अंतर्गत महिला केंद्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन व जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कंदरई में किया गया।यहाँ पर महिला सशक्तिकरण हब मिशन शक्ति अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक शारदा सिंह द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बालिका भ्रूण हत्या, बाल विवाह, घरेलु हिंसा,




सखी वन स्टाप सेंटर, टोल फ्री नंबर 181, 1098 एवं किशोरी बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, साथ ही पोषण माह अंतर्गत किशोर बालिकाओं को सभी प्रकार के पोषण से भरपुर खाद्य पदार्थो की जानकारी दी गई एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को पढ़ाई में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया,बढ़ते हुए साइबर क्राइम के बारे में भी बालिकाओं को अवगत करा सतर्क रहने की समझाइश दी गई।

## महावीरपुर की जर्जर सड़क पर ग्रामीणों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



ग्राम महावीरपुर की मुख्य सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।ग्राम महावीरपुर के वार्ड क्रमांक 7 के पंच विनय गुप्ता ने कई बार पंचायत और जिला प्रशासन को लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया, लेकिन वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क की मरम्मत कार्य अब तक शुरू नहीं किया जा सका है,अब थक हारकर ग्रामीणों ने स्वयं ही पहल करते हुए रविवार को पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े की उपस्थिति में सड़क सुधार कर श्रमदान का कार्य किया है।

- सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण फावड़ा, कुदाल, तगाड़ी व अन्य उपकरण लेकर सड़क मरम्मत करने पहुंचे

इस बारे में वार्ड पंच विनय गुप्ता ने बताया कि 4 सितंबर को सूरजपुर कलेक्टर को आवेदन देकर श्रमदान कार्यक्रम की जानकारी दी गई और उन्हें आमंत्रित भी किया गया,रविवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और कुदाल,फावड़ा व अन्य उपकरण लेकर सड़क की मरम्मत में जुट गए,इस दौरान राधे कृष्ण गुप्ता,सुनील गुप्ता,तपन सिकदार,विक्की समद्दार,ईशान गुप्ता, छत्रपाल सिंह, दशरथ यादव, धर्मेश पाल, राजू श्रीवास्तव, आंचल, रुचि टोप्पो, किशुन सिंह, रूपेन्द्र, विपिन कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे,ग्रामीणों का कहना है महावीरपुर पंचायत का वार्ड नंबर 7 इन दिनों बारिश और लापरवाही के कारण सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है, पैदल चलना तो मुश्किल है ही,छोटे-बड़े वाहन चालक भी रोज दुर्घटना के खतरे से होकर गुजरते हैं,बच्चों और बुजुर्गों के लिए तो यह सड़क जानलेवा साबित हो रही है,ग्रामीणों ने श्रमदान के बाद प्रशासन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि संबंधित विभाग द्वारा मौके पर आश्वासन दिया गया है कि दो दिवस के भीतर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, ग्रामीणों ने साफ कर दिया है कि यदि वादा पूरा नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जायेगा।

## करंजवार जंगल पहुंचा 30 हाथियों का दल, ग्रामीणों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत प्रतापपुर क्षेत्र के सीमावर्ती गांव करंजवार जंगल में 30 हाथियों का दल आ जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। हाथियों के दल में नर मादा सहित शावक हाथी भी शामिल है। क्षेत्र लंबे समय से हाथियों के सक्रिय होने के बावजूद वन विभाग हाथी को भगा पाने में नाकाम है। हाथी ने सिर्फ खेतों में लगी फसल को नुकसान पहुंचा रहे है बल्कि लोगों के घरों को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त हो रहे है। 30 जंगली हाथी के आ जाने से जहां ग्रामीण अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं वही भय के साये में जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

- फसलों एवं घरों को पहुंचाया नुकसान



जंगल में हाथियों का दल।

गौरतलब है कि प्रतापपुर क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायत करंजवार एवं सरहरी के जंगलों में हाथी लगातार एक हफ्ते से उत्पात मचा रहा है जहां दर्जनों किसानों के फसलों को नुकसान किया जा चुका है। अब फिर से 30 हाथियों का दल आ जाने से हाथियों के डर एवं आतंक से लोग भयभीत है। बरसात के दिनों में ग्रामीण पूरी रात जागने को मजबूर है। हाथियों के दर से पूरी रात नहीं सो पा रहे हैं और रात भर हाथी भागने की कोशिश की जा रही है। हाथियों के लिए वन विभाग बिल्कुल निष्क्रिय साबित हो गए है। आलम यह है कि कुछ देर हाथी को वन विभाग भगा कर लोगों को सुरक्षित करने की बात कहते है लेकिन फिर से पुनः की भांति स्थिति निर्मित हो जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि हाथियों का उत्पादन निरंतर बढ़ता चला जा रहा है। प्रतापपुर क्षेत्र के लगे ग्राम करंजवार के जंगल जो अंबिकापुर मुख्य मार्ग है। जहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है और कई बार हाथी मुख्य मार्ग पर आ जाते है जिससे राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी की समस्या क्षेत्र में लंबे समय है। बावजूद इसके वन विभाग द्वारा हाथियों को भगाने का प्रयास नहीं किया जाता है। तमोर पिंगला वन अभ्यारण रेस्क्यू सेंटर में दो-तीन हाथियों को बांधकर शासन की राशि का सिर्फ दुरुपयोग किया जा रहा है। क्षेत्र में हाथी उत्पात मचा रहा है उसके बाद भी वन विभाग आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहे है। अगर ऐसा ही रहा तो रेस्क्यू सेंटर की कोई आवश्यकता नहीं है। रेस्क्यू सेंटर में बंधे हाथियों को भी खोल देना चाहिए।

इस विषय में वन विभाग के दरोगा मानसिंह ने बताया कि 30 हाथियों का दल क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है जो रात से सक्रिय है। वन विभाग द्वारा मुख्य मार्ग पर अलर्ट किया जा रहा है। हाथी बहुत आक्रामक है और ग्रामीण हाथियों से दूर रहने की हिदायत दी जा रही है। शिकायत के आधार पर मौका जांच किया जाएगा।

## कृषि स्नातक संघ की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने अपनी 9 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है,आंदोलन की शुरुआत 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर काम करने से की गई।संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र झा ने बताया कि 15 सितंबर को जिलेभर में तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा,इस दिन संशाधन भत्ता दिए बिना कोई ऑनलाइन कार्य नहीं किया जाएगा,इसके बाद 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन कर रैली निकाली जाएगी।अधिकारियों के उक्त आंदोलन से पीएम किसान सम्मान निधि,फसल बीमा,धान खरीदी सत्यापन, सॉइल हेल्थ कार्ड,गिरदावरी सहित कई योजनाओं के ऑनलाइन कार्य प्रभावित होंगे,जिससे किसानों को दिक्कत हो सकती है।कृषि अधिकारियों की तरफ से 4300 ग्रेड पे वेतनमान में संशोधन किये जाने,स्थायी भत्ता 2500 रुपये तक बढ़ाना,संसाधन भत्ता,अतिरिक्त प्रभार पर क्षेत्रीय भत्ता और पदनाम परिवर्तन जैसी मांगे शामिल हैं।



## खबर संक्षेप

### पैनारी स्थित पीडीएस दुकान निलंबित

**बैकुण्ठपुर।** खड़गवां अनुविभाग के ग्राम पंचायत पैनारी स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान (आईडी क्रमांक 532004016) में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दुकान का संचालन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही यह दुकान अब शासकीय उचित मूल्य दुकान मेण्ड्रा के अंतर्गत संलग्न कर दी गई है। जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि पैनारी ग्राम पंचायत को किया गया पूर्व आवंटन निरस्त कर दिया गया है और नई जिम्मेदारी के लिए पात्र समितियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब दुकान के संचालन की जिम्मेदारी आदिम जाति सहकारी समिति, बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति या अन्य इच्छुक व पात्र समितियों को सौंपी जाएगी।

### रामकृष्ण बने सांसद प्रतिनिधि



**बैकुण्ठपुर।** कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपनी अनुपस्थिति में विभागीय बैठकों और कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए किए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में रामकृष्ण साहू को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उन्होंने विभाग को पत्र जारी कर प्रतिनिधि को आवश्यक सूचनाए एवं करवाई विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती महंत ने विभाग से आग्रह किया है कि प्रतिनिधि को बैठक एवं कार्यक्रमों की सूचना समय पर दी जाए तथा कार्रवाई विवरण से उन्हें अवगत कराया जाए।

### प्रोत्साहित करने इंडस्ट्री और बैंकर्स मीट कल

**बलरामपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि रेजिंग एंड एक्सीलरेशन एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैंप) योजना अंतर्गत एमएसएमई उद्यमियों के वित्तीय सहायता एवं नये स्टार्टअप को एमएसएमई अंतर्गत प्रोत्साहित करने हेतु 10 सितंबर को 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में इंडस्ट्री और बैंकर्स मीट का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य उद्यमियों को बैंकिंग सेवाओं, ऋण योजनाओं में वित्तीय सहायता उपलब्धता से अवगत कराना और उनके समक्ष आने वाले वित्तीय चुनौतियों का समाधान सुनिश्चित करना है।

### जुलूस पर वाहन चढ़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** गणेश विसर्जन के दौरान ग्रामीणों पर वाहन चढाने वाले चालक को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ ही कार को जब्त कर लिया है। इसके साथ ही इस हादसे में घायल 8 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई जबकि मृतक बालक के शव को पिईम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम आमाटोली में गणेश विसर्जन के दौरान निकली शोभायात्रा में चालक की लापरवाही से एक तेज रफ्तार एसयूवी कार भीड़ में घुस आई और लोगों को रौंदते हुए आगे निकल गई।

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह पर आयोजन

# कोरिया को बनाना है शत-प्रतिशत साक्षर



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह एवं अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई ।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के सुअवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाना है, उन्होंने स्वयंसेवी शिक्षकों एवं नव साक्षरों को धन्यवाद दिया और साक्षरता के साथ-साथ कौशल विकास के प्रति प्रेरित किया साथ ही उन्होंने कहा कि हम आदिवासी बाहुल जिले में है यहां पर किसी भी प्रकार से कोई शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। विकासखंड बैकुंठपुर एवं सोनहत से 03-03 स्वयंसेवी शिक्षक जिन्होंने कक्षा 10 वीं, 12 वीं में 10 अंक बोनस प्राप्त किया एवं 3-3 असाक्षर जिन्होंने सफलता पूर्वक शिक्षार्थी आकलन में सफलता अर्जित की उन्हें प्रतीक चिन्ह प्रमाण-पत्र एवं श्रीफल प्रदान कर उनका सम्मान किया। जिले में वर्तमान में साक्षरता की स्थिति की जानकारी प्रदान की गई। इसमें अभी कुल असाक्षर 5728 शेष है वे माह सितंबर 2025 में तथा 1428 शिक्षार्थियों को माह मार्च 2026 के शिक्षार्थी आंकलन में शामिल होंगे। इस प्रकार माह मार्च 2026 के पश्चात कोरिया जिला संपूर्ण साक्षर होने की दिशा में अग्रसर होगा। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कौशल विकास पर जोर दिया।

## सेजस चिरमिरी में शिक्षक दिवस पर कवि सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का गरिमामयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर नगर पालिका चिरमिरी रामनरेश राय के द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस काव्य संध्या में कादंबरी साहित्य परिषद चिरमिरी के सम्मानित कविगण नरेन्द्र मिश्र धड़कन, राजेन्द्र तिवारी धुरंधर, सीएल मिश्रा साहिल, राजेन्द्र तिवारी राही, डॉ.डीके उपाध्याय, हरिकांत अग्निहोत्री, मनीष तिवारी, संजय चौहान, विजय सिंह एवं मनेन्द्रगढ़ से आए वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने अपनी सशक्त रचना का पाठ किया, जिसका प्रबुद्ध श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। कवियों द्वारा काव्य के सभी रसों का श्रृंगार, छंद हास्य, वीर रस, गजल की प्रस्तुति से श्रोताओं का भरपूर तालियों से स्नेह प्राप्त किया। इस काव्य संध्या का आयोजन संस्था के प्राचार्य डॉ. डीके उपाध्याय के संयोजन में किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था के द्वारा सेवानिवृत शिक्षक टीबी सिंह का मुख्य अतिथि महापौर श्री राय के द्वारा शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया तथा काव्य संध्या में आए सभी शिक्षकों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। काव्य संध्या के इस गरिमामयी आयोजन में सम्मानित अतिथि के रुप में सभापति नगर पालिका निगम चिरमिरी संतोष कुमार सिंह, पूर्व महापौर के.डमरु रेडी,पार्षद संजीत सिंह,पार्षद राहुल भाई पटेल, श्रीमती बबीता सिंह ,श्रीमती इंदु पनेरिया अध्यक्ष एसएमडीसी, प्राचार्य एके नाग, प्राचार्य एसके पांडेय ,प्राचार्य चंदन कुमार दत्ता, प्रधान पाठक शैलेन्द्र मिश्रा, पत्रकार राजीव वर्मा, प्राचार्य एसके सिंह उपस्थित रहे। काव्य संध्या का संचालन राजेन्द्र तिवारी राही के द्वारा सशक्त रूप से किया गया।



## धान उत्पादन की श्री विधि ने बदली किसानों की तकदीर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

प्रति ईकाई क्षेत्र से धान की अधिकतम उपज प्राप्त करने की विधि एसआरआई अर्थात श्री विधि के नाम से जाना जाता है। इस विधि के अंतर्गत रोपाई के लिए 10 से 12 दिन के पौधों का प्रयोग किया जाता है। इस अवस्था में रोपाई करने से 20-25 दिन के पौधों की रोपाई की तुलना में डेढ़ से दो गुना ज्यादा उपज प्राप्त होता है।

कंसे भी ज्यादा निकलते हैं व जड़ों का विकास भी अच्छा होता है। श्री विधि में एक स्थान में केवल एक पौधे की ही रोपाई की जाती है। पौधे से पौधे एवं कतार से कतार की दूरी 25 सेमी रखी जाती है, इससे फसल में वायु का संचार व प्रकाश संश्लेषण अच्छा होता है, जिससे कंसे ज्यादा-ज्यादा निकलते हैं, बालियां लंबी होती हैं व दानों का भराव भी अच्छा होता है। पौधे भी स्वस्थ व निरोग रहते हैं, इससे उपज भी काफी अच्छी होती है। उप संचालक कृषि एमसीबी इंद्रासन पैकरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जिले की प्रमुख फसल धान हैं, परं राज्य के अन्य जिलों की तुलना में यहां की उत्पादकता बहुत कम है, इसलिए इस जिले में श्री विधि को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले के दूरस्थ विकासखंड भरतपुर के ग्राम भरासी में श्री विधि के माध्यम से चयनित कृषक तेजबली, देवशरण, विजय सिंह आदि कृषकों के द्वारा कृषि विभाग के मार्गदर्शन में श्री विधि से रोपा लगाया गया है। फसल स्थिति काफी अच्छी है। कंसे काफी अच्छे निकले हैं।

## भंडारपारा शाला परिसर में पौधरोपण

बैकुंठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 8 सितंबर को अंतरराष्टीय साक्षरता दिवस के अवसर पर राष्टीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्धेश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामाजिक स्तर पर साक्षरता के महत्व को रेखांकित करना रहा। निबंध प्रतियोगिता में 16 तथा पोस्टर प्रतियोगिता में 6 छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के 30 स्वयंसेवकों एवं लगभग 80 स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भंडारपारा परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पर जागरूकता दिलाई गई तथा पौधों की सुरक्षा और घर-घर में पौधारोपण का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर शाला की शिक्षिकाएं श्रीमती अनिता शुक्ला, श्रीमती विद्या राजवाड़े, श्रीमती रिंकू सिंह सहित महाविद्यालयीन स्टाफ सदस्य डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, विनय कुमार गुप्ता, सुश्री रिचा चेलकर, सुश्री दीप्ति केरकेट्टा आदि सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।



## जिला अंधत्व निवारण समिति ने बताया नेत्रदान का महत्व



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

राष्टीय अंधत्व निवारण समिति के तत्वाधान में संचालित नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन पतंजलि योग समिति जिला इकाई के सौजन्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सहायक नेत्राधिकारी आरडी दीवान के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर के खेल प्रांगण में किया गया।

नेत्रों की सुरक्षा एवं प्रमुख सावधानियां की चर्चा करते हुए नेत्र अधिकारी ने बताया कि नेत्रदान एक नेक कार्य है, जो नेत्रहीनों की दृष्टि वापस करने में मदद करता है, इसके तहत कार्निया प्रत्यारोपित किया जाता है और मरणोपरांत 6 से 8 घंटे के अवधि में नेत्रदान किया जा सकता है। जिला अंधत्व निवारण समिति के द्वारा नेत्र की सुरक्षा एवं सावधानी पर किए जा रहे कार्य की चर्चा करते हुए सतीश उपाध्याय, बलवीर कौर, भैरव केसरवानी, जगदंबा अग्रवाल, अर्चना सेजपाल, श्रीमती इरा कर, रामसेवक विश्वकर्मा, विवेक कुमार तिवारी, विष्णु प्रसाद कोरी, कैलाश दुबे, अनीता फरमानिया, रूपा पोद्दार, राकेश अग्रवाल, नीलम दुबे, कविता मंगतानी ने सहायक नेत्राधिकारी दीवान द्वारा दी गई जानकारी को उपयोगी बताया। जिला अंधत्व निवारण समिति के नेत्रदान पखवाड़ा से प्रेरित होकर शिक्षिका नीलम दुबे ने मरणोपरांत नेत्रदान देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी ने किया।

## कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा की गई। इसके तहत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण समेत विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

जिले में चयनित 154 ग्रामों को 21 क्लस्टर में विभाजित किया गया है, इनमें बैकुंठपुर विकासखंड के 19 और सोनहत विकासखंड के 2 क्लस्टर शामिल हैं। इन क्लस्टरों का प्रशिक्षण 9 से 14 सितंबर के बीच आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि यह अभियान सभी विभागों का है, और इसमें सभी को सक्रियता से भाग लेनी चाहिए। उन्होंने वॉलेंटियर बनाने पर बल देते हुए कहा कि ग्राउंड लेवल पर महिलाओं को इसमें शामिल किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10 सितंबर तक वॉलेंटियर की लिस्ट तैयार कर ली जाए। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, दोनों जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अन्य जिला अधिकारी और जिले के मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्यों में लाएं तेजी: कलेक्टर

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की प्रगति की सिलसिलेवार समीक्षा की। उन्होंने जाति निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाने एवं डीईओ एवं एडीओ को समय पर फॉलोअप करने का निर्देश दिया। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की साथ ही निर्माण कार्यों में तेजी लगे एवं लापरवाही बरतने वाले ठेकदारों पर कड़ाई बरतने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने जिले में चल रहे आदि कर्मयोगी अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया। 9 सितंबर को जनदर्शन में 30 आवेदन प्राप्त हुए, जिसे संबंधि अधिकारियों को निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित कुमार गुप्ता, एसडीएम बैकुंठपुर उमेश पटेल, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, डिप्टी कलेक्टर दीपिका नेताम, अंकुश वर्मा सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रेडर मशीन की चपेट में आने से मासूम की मौत, दादा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम सनावल त्रिशुली मार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रेडर मशीन वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 3 वर्षीय मासूम की मौत हो गई जबकि दादा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है वाहन चालक लापरवाही पूर्वक वाहन पीछे करने लगा जिससे दुर्घटना हुई। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम सनवाल त्रिशूली मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इसी बीच ग्राम त्रिशूली निवासी नंदलाल गुप्ता (45 वर्ष) मां लालो देवी (65 वर्ष) व पोता आकर्ष (3 वर्ष) के साथ उत्तर प्रदेश के घघरा से वापस गांव आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार गांव के समीप लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सड़क का निर्माण के पास पहुंचे। जहां ग्रेडर मशीन वाहन चल रहा था। जिसे देख कर नंदलाल गुप्ता ने बाइक रोक दिया और ग्रेडर के किनारे होने का इंतजार करने लगा। इधर ग्रेडर चालक लापरवाही पूर्वक पीछे आने लगा जिसे देखकर मौके पर मौजूद इब्राहिम एवं पोकलेन ड्राइवर द्वारा आवाज दी गई परंतु ग्रेडर चालक उनकी बातों को अनसुना करते हुए गाड़ी पीछे किया जिससे बाइक सवार नंदलाल एवं उसका पोता वाहन की चपेट मे आ गए। घटना को देख महेंद्र साव, इब्राहिम द्वारा बाहर निकला गया लेकिन तब तक मासूम की मौत हो चुकी थी वहीं नंदलाल गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को तत्काल सनावल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। इधर स्थानीय लोगों ने ठेकेदार एवं विभाग के जिम्मेवार लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में सनावल थाना प्रभारी गजपति मिर्रे ने बताया कि ग्रेडर मशीन चालक राजेश जायसवाल के विरुद्ध धारा 106 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। ग्रेडर चालक अभी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

## कछौड़ में संकल्प अभियान



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

भारत सरकार की कार्ययोजना के तहत जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश और जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ परियोजना अंतर्गत ग्राम कछौड़ में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें काफी संख्या में महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का मुख्य फोकस महिला सशक्तिकरण को उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास से जोड़ते हुए समाज में समान अवसर उपलब्ध कराने पर रहा। विशेषज्ञों ने महिलाओं को भ्रूण हत्या निषेध, बालिकाओं के अधिकार, सखी वन स्टॉप सेंटर, पॉक्सो अधिनियम तथा अन्य केन्द्रीय व राज्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## अस्पताल की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा पत्र



हरिभूमि न्यूज, बैकुण्ठपुर

जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर की समस्याओं को लेकर सांसद प्रतिनिधि विकास श्रीवास्तव व अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन देकर सुविधाओं के विस्तार की जल्द से जल्द मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है जिला चिकित्सालय में एक भी सर्जन नहीं है, इसके चलते ज्यादातर मरीजों को रिफर कर दिया जाता है। ग्राम कंचनपुर में जिला चिकित्सालय निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराकर चालू करने, जिला चिकित्सालय में गेस्ट्रो इंट्रोलॉजिस्ट पदस्थ नहीं है, जिनकी नियुक्ति करने एवं एमडी मेडिसीन विशेषज्ञ के साथ एमआरआई मशीन की व्यवस्था करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सांसद प्रतिनिधि संतोष गोयन, मुख्तार अहमद, विजय चक्रधारी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## छग गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष ने बताया निर्णय को ऐतिहासिक

# जीएसटी दरों में सुधार से जीवन में आएगी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



जीएसटी दरों में सुधार को लेकर सोमवार को छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है।

आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार करके रेट को काम करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। 22 सितंबर मां शक्ति की आराधना के पावन पर्व नवरात्रि से लागू होने वाले नए प्रावधान देश को आर्थिक रूप से और शक्तिशाली बनाएंगे। उन्होंने जीएसटी सुधारों को ऐतिहासिक बताया। इससे आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी और व्यापार-उद्योग को नई गति मिलेगी। अनुराग सिंह देव ने स्पष्ट किया कि एक राष्ट्र-एक टैक्स की दिशा में उठाया गया यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा और आम उपभोक्ता को सस्ता सामान उपलब्ध कराएगा।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, गोपाल कृष्ण मिश्रा, ज़िला उपाध्यक्ष अजीत सिंह, दीनानाथ यादव, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, मुकेश गुप्ता, पार्षद गौतम सिंह, विजय प्रताप सिंह, रजनी सोनी, अंबिकापुर पार्षद शिवमंगल सिंह, राजेंद्र सिंह मौजूद थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शहर में आवारा ...

**कुत्तों के नसबंदी करने की जरूरत-** शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गया है। प्रतिवर्ष आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन इसके नियंत्रण की दिशा में पहल अब तक नहीं हुई है, ऐसे में नगरीय निकाय को आवारा कुत्तों के नसबंदी करने एवं पशु चिकित्सा विभाग को आवारा कुत्तों को रैबिज का टीकाकरण करने की आवश्यकता है, ताकि किसी को कभी कुत्ता काट ले तो रैबिज बीमारी होने से रोका जा सके।

### रजत जयंती महोत्सव ...

सम्मिलित रहे। आयोजन समिति में संयोजक डॉ. बृजेश पांडे तथा सदस्य डॉ. राम यश पाल, डॉ. कुलदीप ओझा, श्रीमती अर्चना द्विवेदी, श्रीमती कंचन जायसवाल और डॉ. संध्या कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संचालन डॉ. कुलदीप ओझा और आभार प्रदर्शन डॉ. गौरव मिश्र ने किया। सेमीनार की सफलता में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुरंजन कुजूर, कार्यालयीन स्टाफ आरिफ ढेबर तथा स्वयंसेवक शशि पोर्ते, तौफिक खान, कृष्णा राजवाड़े, धनेश्वर, लव, नीरज, सुप्रिया, ललिता, रीता और नीलम चौधरी सक्रिय रहे।

